**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**14.08.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

**संबोधन**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को सम्बोधित करेंगी। उनका यह सम्बोधन आकाशवाणी के समूचे राष्ट्रीय नेटवर्क पर शाम 7 बजे से प्रसारित किया जाएगा। राष्ट्रपति का संबोधन दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिन्दी में और उसके बाद अंग्रेज़ी में प्रसारित किया जाएगा। इसके बाद रात 8 बजे मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू प्रदेशवासियों को संबोधित करेंगें।

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति के संबोधन को देखते हुए आज प्रादेशिक समाचार बुलेटिन सांय 7 बजकर 45 मिनट के स्थान पर सांय 6 बजकर 30 मिनट पर प्रसारित होगा।

---

**विभाजन स्मृति दिवस**

आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 1947 में हुए भारत विभाजन से प्रभावित सभी लोगों के साहस को याद किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम विभाजन से प्रभावित सभी लोगों के साहस को याद करते हैं। इतिहास का वह क्षण जिसने कई जिंदगियों को तहस–नहस कर दिया, अपनों को खो दिया गया और असहनीय पीड़ा भी सहनी पड़ी। नरेंद्र मोदी ने कामना की कि यह दिन हमारे राष्ट्र में सद्भाव व भाईचारे को बनाए रखने के हमारे संकल्प को और मजबूत करेगा।

---

**सुक्खू**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज हमीरपुर बस अड्डे से एच.आर.टी.सी. की 35 इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि नई इलेक्ट्रिक बसों के संचालन से यात्रियों को आरामदायक और सुविधाजनक सफर मिलेगा। साथ ही, स्वच्छ एवं हरित परिवहन को बढ़ावा देकर ये बसें पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देंगी।

---

**भूकंप**

चंबा में आज सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3 दशमलव शून्य मापी गई। भूकंप को केंद्र जम्मू कश्मीर की सीमा में जमीन के 5 किलोमीटर नीचे था। इस भूकंप से किसी प्रकार के जान या माल के नुकसान की सूचना नहीं है।

---

**हिमाचल–स्वतंत्रता दिवस**

हिमाचल प्रदेश का राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह कल हमीरपुर ज़िले के बड़सर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में आयोजित किया जायेगा, जहां मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू समारोह की अध्यक्षता करेंगे और तिरंगा फहराएंगे। राज्य सरकार ने कल 15 अगस्त को राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। ऐसे में प्रदेश के सभी स्कूल कल खुले रहेंगे और बड़सर में होने वाले राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्यमंत्री के संबोधन का सभी स्कूलों में सीधा प्रसारण किया जाएगा।

---

**भाजपा**

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता राकेश शर्मा ने आरोप लगाया है कि प्रदेश सरकार राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से भाजपा नेताओं पर मामले बना रही है। राकेश शर्मा ने आज धर्मशाला में कहा कि सरकार कानून व्यवस्था चुस्त–दुरूस्त करने के बजाए राजनीतिक स्वार्थ साध रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रशासन का पूरी तरह राजनीतिकरण कर दिया है और राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ कार्रवाई करने वाले अधिकारियों को संरक्षण दे रही है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि राज्य में पुलिस का उपयोग सिर्फ राजनीतिक प्रतिशोध के औजार के रूप में रह गया है।

---

**बीएसएनएल**

भारत संचार निगम ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रदेश के अपने उपभोक्ताओं को कई उपहारों की घोषणा की है। निगम के मुख्य महाप्रबंधक राजन कम्बोज ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में सस्ते प्लान, एफ.टी.टी.एच और फाई जी को लेकर कई घोषणाएं की। उन्होनें कहा कि निगम ने मोबाईल फोन पर लाईव टीवी की सुविधा भी आरंभ की है।

---

**पानी की दरें**

जल शक्ति विभाग ने सोलन शहर में पानी की दरों में बड़ा बदलाव किया है। विभाग ने शहरी क्षेत्र में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए पानी की दर 14 रूपए प्रति हजार लीटर जबकि व्यावसायिक उपभोक्ताओं के लिए ये दर 30 रूपए प्रति हजार लीटर तय की गई है। पहले पानी की ये दरें स्लैब के आधार पर निर्धारित थी। विभाग के अधीक्षण अभियंता संजीव सोनी ने कहा कि अब स्लैब को समापत कर दिया गया है।

---